वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय जौनपुर उत्तर प्रदेश



समाचार पत्रों में प्रकाशित ख़बरें

दिनांक: 18 अक्टूबर 2026

प्रस्तुति: मीडिया सेल

अमर उजाला

'सेवा के रंग, राष्ट्र के संग' थीम पर बनाई रंगोली

जौनपुर। वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय के मूल्यांकन केंद्र परिसर में सेवा संकल्प अभियान 2026 के तहत विद्यार्थियों ने 78×78 फीट की विशाल रंगोली बनाकर रचनात्मक प्रतिभा और राष्ट्रभक्ति का प्रदर्शन किया। 'सेवा के रंग, राष्ट्र के संग' थीम पर आधारित रंगोली में देश की विकास यात्रा, जनकल्याणकारी योजनाओं और राष्ट्रीय अभियानों को दर्शाया गया।

कुलपति प्रो. राकेश कुमार सिंह ने कहा कि विद्यार्थियों ने रंगों के माध्यम से भारत के विकास की आकर्षक और प्रेरणादायी तस्वीर प्रस्तुत की है। सभी को मिलकर विकसित भारत के निर्माण में योगदान देना चाहिए। उन्होंने कहा कि पूर्वांचल विकसित भारत के निर्माण में पूरा योगदान देगा। रंगोली के केंद्र में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का चित्र बनाया गया था।

इसमें उज्ज्वला योजना, खेलो इंडिया, मेक इन इंडिया, स्वच्छ भारत मिशन, डिजिटल इंडिया, आयुष्मान भारत, नारी शक्ति-राष्ट्र शक्ति, हरित भारत-स्वस्थ भारत, प्रधानमंत्री आवास योजना, नवाचार से विकास, विकास से समृद्धि, मातृशक्ति-राष्ट्रशक्ति और एक भारत-श्रेष्ठ भारत सहित विभिन्न विषयों को दर्शाया गया। इसमें विश्वविद्यालय का लोगो भी शामिल किया गया। संवाद

अमर उजाला

amarujala.com

वाराणसी | रविवार, 18 अक्तूबर 2026

पूविवि में छात्र कल्याण के लिए छह शिक्षकों को मिली जिम्मेदारी

संवाद न्यूज एजेंसी

मल्हनी। वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय में विद्यार्थियों के समग्र विकास और कल्याणकारी गतिविधियों को प्रभावी बनाने के लिए नई प्रशासनिक व्यवस्था लागू की गई है।

कुलपति के अनुमोदन के बाद कुलसचिव डॉ. विनोद कुमार सिंह ने अधिष्ठाता छात्र कल्याण और पांच सहायक अधिष्ठाताओं के कार्य एवं दायित्व निर्धारित करते हुए आदेश जारी किया है।

नई व्यवस्था के तहत छात्रवृत्ति, खेल, एनसीसी, सांस्कृतिक गतिविधियों और स्वास्थ्य सेवाओं के

छात्रवृत्ति, खेल, संस्कृति और स्वास्थ्य गतिविधियों के लिए अलग-अलग टीमें गठित

लिए अलग-अलग टीमें गठित की गई हैं। अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रो. प्रमोद कुमार यादव को विद्यार्थी कल्याण से जुड़ी सभी गतिविधियों का समग्र नोडल अधिकारी बनाया गया है।

सभी सहायक अधिष्ठाता छात्र कल्याण उनके नेतृत्व और पर्यवेक्षण में कार्य करेंगे। डीएसडब्ल्यू वार्षिक छात्र कल्याण कैलेंडर तैयार करने, समेकित बजट प्रस्ताव बनाने और लंबित मामलों के निस्तारण की जिम्मेदारी संभालेंगे। छात्रवृत्ति एवं वित्तीय सहायता का दायित्व डॉ. नितेश जायसवाल को सौंपा गया है। उनकी टीम छात्रवृत्ति, शुल्क प्रतिपूर्ति और आर्थिक रूप से कमजोर विद्यार्थियों को सहायता उपलब्ध कराने से जुड़े कार्य देखेगी।

खेल एवं शारीरिक कल्याण के लिए प्रो. सुरजीत कुमार को नोडल अधिकारी बनाया गया है। उनके साथ परिसर क्रीड़ा सचिव प्रो. प्रदीप कुमार, डॉ. मनीष कुमार गुप्ता, डॉ. सौरभ वी कुमार और विशाल यादव कार्य करेंगे।

एनसीसी, रोवर्स एवं रेंजर्स की जिम्मेदारी एनसीसी प्रभारी डॉ. मनोज कुमार पांडेय को दी गई है। डॉ. राधिका उरमालिया और आदित्य जायसवाल सहयोग करेंगे। सांस्कृतिक, साहित्यिक एवं सह-पाठ्यक्रम गतिविधियों का प्रभार डॉ. रसिकेश को सौंपा गया है।

उनकी टीम में डॉ. सुशील कुमार, डॉ. वनिता सिंह, डॉ. सुनील कुमार, डॉ. अनुराग मिश्र तथा प्रत्येक संकाय से एक नामित शिक्षक शामिल होंगे।

विद्यार्थियों की चिकित्सा, परामर्श एवं स्वास्थ्य संबंधी गतिविधियों के लिए डॉ. अन्नू नागी को नोडल अधिकारी बनाया गया है। प्रो. नरेंद्र कुमार सिंह और डॉ. पुनीत सिंह उनके सहयोगी होंगे। हर माह की 10 तारीख तक समेकित रिपोर्ट कुलपति कार्यालय और कुलसचिव को प्रस्तुत करेंगे।

आज

विकसित भारत के निर्माण में सभी दें अपना योगदान-राकेश कुमार सिंह

सरायख्वाजा। वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय के मूल्यांकन केंद्र परिसर में सेवा संकल्प अभियान-2026 के अंतर्गत विद्यार्थियों ने 76म76 फीट की विशाल रंगोली बनाकर अपनी रचनात्मक प्रतिभा और राष्ट्रभक्ति का प्रदर्शन किया। 'सेवा के रंग, राष्ट्र के संग' थीम पर आधारित इस रंगोली में देश की विकास यात्रा, जनकल्याणकारी योजनाओं और राष्ट्रीय अभियानों को आकर्षक ढंग से प्रस्तुत किया गया। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. राकेश कुमार सिंह ने कहा कि विद्यार्थियों ने रंगों के माध्यम से भारत के विकास की जो तस्वीर प्रस्तुत की है, वह अत्यंत आकर्षक और प्रेरणादायी है। हम सभी को मिलकर विकसित भारत के निर्माण में अपना योगदान देना चाहिए। उन्होंने कहा कि पूर्वांचल विकसित भारत में अपना पूरा योगदान देगा। रंगोली के केंद्र बिंदु में रंगों से देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का चित्र विद्यार्थियों ने बनाया था। इसके साथ ही उज्ज्वला योजना, खेलो इंडिया, मेक इन इंडिया, स्वच्छ



भारत मिशन, डिजिटल इंडिया, आयुष्मान भारत, नारी शक्ति-राष्ट्रशक्ति, हरित भारत-स्वस्थ भारत, प्रधानमंत्री आवास योजना, नवाचार से विकास, विकास से समृद्धि, मातृशक्ति-राष्ट्रशक्ति, एक भारत-श्रेष्ठ भारत तथा विश्वविद्यालय के लोगो को भी रंगोली में शामिल किया गया। इस रंगोली के माध्यम से विद्यार्थियों ने महिला सशक्तीकरण, स्वच्छता, स्वास्थ्य, खेल, डिजिटल तकनीक, आत्मनिर्भरता, पर्यावरण संरक्षण, ग्रामीण विकास और राष्ट्रीय एकता का संदेश दिया। अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रोफेसर प्रमोद कुमार यादव ने विद्यार्थियों द्वारा निर्मित रंगोली और उनकी रचनात्मकता की प्रशंसा की। कार्यक्रम संयोजक डॉ. अन्नू त्यागी एवं डॉ. कृष्णा सिंह ने सहयोग प्रदान किया। इस अवसर पर प्रो. मनोज मिश्र,प्रो. अजय प्रताप सिंह, प्रो. राजकुमार, प्रो. विनोद कुमार, डॉ. अनुराग मिश्र, डॉ. वनिता सिंह, डॉ. प्रियंका सिंह समेत विश्वविद्यालय के विभिन्न विभागों के शिक्षक, कर्मचारी एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।

जनसंदेश टाइम्स



जौनपुर की शान कहलाने वाला शाही पुल आज भी 500 वर्षों से ज्यादा समय तक न जाने कितनी भीषण बाढ़, आंधी, तूफान को झेलते हुये खड़ा है। पुरातन कला जो आज भी डिग्रीधारक इंजीनियरिंग को चुनौती दे रही है।

जौनपुर

विकसित भारत के निर्माण में सभी दें योगदान

कार्यक्रम

76.76 फीट की रंगोली में साकार हुआ विकसित भारत का संकल्प

सेवा के रंग, राष्ट्र के संग थीम पर रंगों ने दिया राष्ट्र निर्माण का संदेश

जौनपुर। वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय के मूल्यांकन केंद्र परिसर में सेवा संकल्प अभियान-2026 के अंतर्गत विद्यार्थियों ने 76.76 फीट की विशाल रंगोली बनाकर अपनी रचनात्मक प्रतिभा और राष्ट्रभक्ति का प्रदर्शन किया। सेवा के रंग, राष्ट्र के संग थीम पर आधारित इस रंगोली में देश की विकास यात्रा, जनकल्याणकारी योजनाओं और राष्ट्रीय अभियानों को आकर्षक ढंग से प्रस्तुत किया गया। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. राकेश कुमार सिंह ने कहा कि विद्यार्थियों ने रंगों के माध्यम से भारत के विकास की जो तस्वीर प्रस्तुत की है, वह अत्यंत आकर्षक और प्रेरणादायी है। हम सभी को मिलकर विकसित भारत के निर्माण में अपना योगदान देना चाहिए। उन्होंने कहा कि पूर्वांचल विकसित भारत में अपना पूरा योगदान देगा। रंगोली के केंद्र बिंदु में रंगों से देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का चित्र विद्यार्थियों ने बनाया था। इसके साथ ही उज्ज्वला योजना, खेलो इंडिया,मेक इन इंडिया, स्वच्छ भारत मिशन, डिजिटल इंडिया, आयुष्मान भारत, नारी शक्ति-राष्ट्र शक्ति, हरित भारत-स्वस्थ भारत, प्रधानमंत्री आवास योजना, नवाचार से विकास, विकास से समृद्धि, मातृशक्ति-राष्ट्रशक्ति, एक भारतश्रेष्ठ भारत तथा विश्वविद्यालय के लोगो को भी रंगोली में शामिल किया गया। इस रंगोली के माध्यम से विद्यार्थियों ने महिला सशक्तिकरण, स्वच्छता, स्वास्थ्य, खेल, डिजिटल तकनीक, आत्मनिर्भरता, पर्यावरण संरक्षण, ग्रामीण विकास और राष्ट्रीय एकता का संदेश दिया। अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रोफेसर प्रमोद कुमार यादव ने विद्यार्थियों द्वारा निर्मित रंगोली और उनकी रचनात्मकता की प्रशंसा की। कार्यक्रम संयोजक डॉ. अन्नू त्यागी एवं डॉ. कृष्णा सिंह ने सहयोग प्रदान किया। इस अवसर पर प्रो. मनोज मिश्र, प्रो. अजय प्रताप सिंह, प्रो. राजकुमार, प्रो. विनोद कुमार, डॉ. अनुराग मिश्र, डॉ. वनिता सिंह, डॉ. प्रियंका सिंह समेत विवि के विभिन्न विभागों के शिक्षक, कर्मचारी एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।



रंगोली का अवलोकन करते कुलपति

उम्मीद ऑफ पब्लिक

हिन्दी दैनिक समाचार-पत्र

जौनपुर (उ.प्र.) से प्रकाशित

वर्ष 01, अंक 310
जौनपुर, रविवार
18 अक्टूबर, 2026
पृष्ठ 4, मूल्य 1 रूपया

उम्मीद ऑफ पब्लिक

www.ummidofpublic.com

PRGI Reg. No.: UPHIN/25/A4413



पेज : 2 माटी की काया, आत्मा का सफर

सोने के रथ पर विदा होंगी गीतांजलि की माता रानी पेज : 3

विकसित भारत के निर्माण में सभी दें अपना योगदान: कुलपति

76×76 फीट की विशाल रंगोली में साकार विकसित भारत का लिया गया संकल्प

'सेवा के रंग, राष्ट्र के संग' थीम पर रंगों ने दिया राष्ट्र निर्माण का संदेश



उम्मीद ऑफ पब्लिक सं.

सिद्दीकपुर, जौनपुर। पूर्वांचल विश्वविद्यालय के मूल्यांकन केंद्र परिसर में सेवा संकल्प अभियान-2026 के अंतर्गत विद्यार्थियों ने 76×76 फीट की विशाल रंगोली बनाकर अपनी रचनात्मक प्रतिभा और राष्ट्रभक्ति का प्रदर्शन किया। 'सेवा के रंग, राष्ट्र के संग' थीम पर आधारित इस रंगोली में देश की विकास यात्रा, जनकल्याणकारी योजनाओं और राष्ट्रीय अभियानों को आकर्षक ढंग से प्रस्तुत किया गया।

कुलपति प्रो. राकेश सिंह ने कहा कि विद्यार्थियों ने रंगों के माध्यम से भारत के विकास की जो तस्वीर प्रस्तुत की है, वह अत्यंत आकर्षक और प्रेरणादायी है। हम सभी को मिलकर विकसित भारत के निर्माण में अपना योगदान देना चाहिए। उन्होंने कहा कि पूर्वांचल विकसित भारत में अपना पूरा योगदान देगा।

रंगोली के केंद्र बिंदु में रंगों से देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का चित्र विद्यार्थियों ने बनाया था। इसके साथ ही उज्ज्वला योजना, खेलो इंडिया,मेक इन इंडिया, स्वच्छ भारत मिशन, डिजिटल इंडिया, आयुष्मान भारत, नारी शक्तिझराष्ट्र शक्ति, हरित भारत-स्वस्थ भारत, प्रधानमंत्री आवास योजना, नवाचार से विकास, विकास से समृद्धि, मातृशक्तिझराष्ट्रशक्ति, एक भारत-श्रेष्ठ भारत तथा विश्वविद्यालय के लोगो को भी रंगोली में शामिल किया गया। रंगोली के माध्यम से विद्यार्थियों ने महिला सशक्तीकरण, स्वच्छता, स्वास्थ्य, खेल, डिजिटल तकनीक, आत्मनिर्भरता, पर्यावरण संरक्षण, ग्रामीण विकास और राष्ट्रीय एकता का संदेश दिया।

अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रोफेसर प्रमोद यादव ने विद्यार्थियों द्वारा निर्मित रंगोली और उनकी रचनात्मकता की प्रशंसा किया। कार्यक्रम संयोजक डॉ. अन्नू त्यागी एवं डॉ. कृष्णा सिंह ने सहयोग प्रदान किया। इस अवसर पर प्रो. मनोज मिश्र, प्रो. अजय प्रताप सिंह, प्रो. राजकुमार, प्रो. विनोद कुमार, डॉ. अनुराग मिश्र, डॉ. वनिता सिंह, डॉ. प्रियंका सिंह समेत विश्वविद्यालय के विभिन्न विभागों के शिक्षक, कर्मचारी एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।

जौनपुर धारा

76×76 फीट की रंगोली में साकार हुआ विकसित भारत का संकल्प



जौनपुर धारा

जौनपुर। वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय के मूल्यांकन केंद्र परिसर में सेवा संकल्प अभियान-2026 के तहत विद्यार्थियों ने 76×76 फीट की विशाल रंगोली बनाकर रचनात्मकता और राष्ट्र निर्माण का संदेश दिया। 'सेवा के रंग, राष्ट्र के संग' थीम पर तैयार रंगोली में देश की विकास यात्रा, जनकल्याणकारी योजनाओं और राष्ट्रीय अभियानों को दर्शाया गया।

रंगोली के केंद्र में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का चित्र बनाया गया। इसके अलावा उज्ज्वला योजना, खेलो इंडिया, मेक इन इंडिया, स्वच्छ भारत मिशन, डिजिटल इंडिया, आयुष्मान भारत, प्रधानमंत्री आवास योजना और नारी सशक्तीकरण जैसे विषयों को भी स्थान दिया गया। रंगोली के माध्यम से स्वच्छता, स्वास्थ्य, पर्यावरण संरक्षण, आत्मनिर्भरता और राष्ट्रीय एकता का संदेश दिया गया। कुलपति प्रो. राकेश कुमार सिंह ने विद्यार्थियों के प्रयास की सराहना करते हुए कहा कि विकसित भारत के निर्माण में सभी को योगदान देना चाहिए। उन्होंने विश्वास जताया कि पूर्वांचल भी देश की विकास यात्रा में अपनी भूमिका निभाएगा। अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रो.प्रमोद कुमार यादव ने विद्यार्थियों की रचनात्मकता की प्रशंसा की। कार्यक्रम में संयोजक डॉ.अन्नू त्यागी, डॉ.कृष्णा सिंह सहित विश्वविद्यालय के शिक्षक, कर्मचारी और विद्यार्थी मौजूद रहे।

न्यायाधीश

विकसित भारत के निर्माण में सभी दें अपना योगदान : प्रो. राकेश कुमार सिंह



जौनपुर। वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय के मूल्यांकन केंद्र परिसर में सेवा संकल्प अभियान-2026 के अंतर्गत विद्यार्थियों ने 76×76 फीट की विशाल रंगोली बनाकर अपनी रचनात्मक प्रतिभा और राष्ट्रभक्ति का प्रदर्शन किया। 'सेवा के रंग, राष्ट्र के संग' थीम पर आधारित इस रंगोली में देश की विकास यात्रा, जनकल्याणकारी योजनाओं और राष्ट्रीय अभियानों को आकर्षक ढंग से प्रस्तुत किया गया। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. राकेश कुमार सिंह ने कहा कि विद्यार्थियों ने रंगों के माध्यम से भारत के विकास की जो तस्वीर प्रस्तुत की है, वह अत्यंत आकर्षक और प्रेरणादायी है। हम सभी को मिलकर विकसित भारत के निर्माण में अपना योगदान देना चाहिए। उन्होंने कहा कि पूर्वांचल विकसित भारत में अपना पूरा योगदान देगा। रंगोली के केंद्र बिंदु में रंगों से देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का चित्र विद्यार्थियों ने बनाया था। इसके साथ ही उज्ज्वला योजना, खेलो इंडिया, मेक इन इंडिया, स्वच्छ भारत मिशन, डिजिटल इंडिया, आयुष्मान भारत, नारी शक्ति-राष्ट्र शक्ति, हरित भारत-स्वस्थ भारत, प्रधानमंत्री आवास योजना, नवाचार से विकास, विकास से समृद्धि, मातृशक्ति-राष्ट्रशक्ति, एक भारत-श्रेष्ठ भारत तथा विश्वविद्यालय के लोगो को भी रंगोली में शामिल किया गया।

न्यूजफ्लिक्स टाइम्स

ड्रोन तकनीक में नवाचार से खुलेंगे नए अवसर: कुलपति

सी-डैक, नोएडा के वैज्ञानिकों ने दिया व्यावहारिक प्रशिक्षण

पाँच दिवसीय ड्रोन तकनीक कार्यशाला का समापन

न्यूजफ्लिक्स टाइम्स





जौनपुर। पूर्वांचल विश्वविद्यालय के इलेक्ट्रॉनिक्स विभाग में आयोजित पाँचदिवसीय ड्रोन तकनीक कार्यशाला का समापन समारोह संपन्न हुआ। कार्यशाला के दौरान विद्यार्थियों ने ड्रोन की असेंबलिंग, उसके विभिन्न घटकों की कार्यप्रणाली, उड़ान भरने तथा नियंत्रण की तकनीकों का व्यावहारिक ज्ञान प्राप्त किया।

विद्यार्थियों के लगन से खुश होकर आए वैज्ञानिकों ने विश्वविद्यालय को एक ड्रोन उपहार में दिया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. आर. के. सिंह ने कहा कि ड्रोन तकनीक आज केवल तकनीकी प्रयोग का विषय नहीं है, बल्कि कृषि, आपदा प्रबंधन, स्वास्थ्य सेवा, पर्यावरण संरक्षण एवं राष्ट्रीय सुरक्षा जैसे क्षेत्रों में देश की प्रगति का महत्वपूर्ण माध्यम बन चुकी है।

उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों को इस प्रकार के प्रशिक्षण से प्राप्त ज्ञान का उपयोग नई परियोजनाएँ विकसित करने, अनुसंधान करने और समस्याओं के स्थानीय समाधान खोजने के लिए करना चाहिए। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय ऐसे प्रशिक्षण कार्यक्रमों को लगातार आगे बढ़ाएगा, ताकि विद्यार्थी अपने ही परिसर में आधुनिक तकनीक सीखने तथा विशेषज्ञों से सीधे संवाद करने का अवसर प्राप्त कर सकें। कार्यशाला के अंतिम दिन सी-डैक, नोएडा की वैज्ञानिक डॉ. कल्पना जौहरी ने विद्यार्थियों को विभिन्न उपकरणों के मध्य संचार के नियमों तथा संचार स्थापित होने की प्रक्रिया के बारे में विस्तार से बताया। अन्य विशेषज्ञों में ईशा गुप्ता, किरण वालिया एवं देवेश वर्मा ने प्रस्तुतियों और प्रायोगिक प्रदर्शनों के माध्यम से विद्यार्थियों को आधुनिक तकनीकी विकास से अवगत कराया।

कार्यशाला में बताया गया कि वर्तमान समय में ड्रोन का उपयोग कृषि, फसल निगरानी, आपदा प्रबंधन, भौगोलिक सर्वेक्षण, पर्यावरण संरक्षण, औद्योगिक निरीक्षण, चिकित्सा सामग्री की आपूर्ति तथा रक्षा क्षेत्र सहित अनेक क्षेत्रों में किया जा रहा है। कार्यशाला के समापन पर एक घंटे की परीक्षा के परिणाम के आधार पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को प्रमाणपत्र एवं शील्ड प्रदान की गई। कार्यशाला का समन्वय डॉ. प्रवीण सिंह एवं डॉ. ज्योति सिंह ने किया, जबकि समापन समारोह का संचालन पूनम सोनकर ने किया।

कार्यक्रम में प्रो. रवि प्रकाश, डॉ. अजय मौर्या, पी. सी. यादव, प्रीति शर्मा, डॉ. रितेश बरनवाल, तुषार श्रीवास्तव, डॉ. विशाल यादव, शैलेश प्रजापति, डॉ. संतोष त्रिपाठी, डॉ. पारुल त्रिवेदी, डॉ. जया शुक्ला, अनुराग एवं सुधीर सिंह उपस्थित रहे।

कौटिल्य का भारत

विकसित भारत के निर्माण में सभी दें अपना योगदान : प्रो. राकेश कुमार सिंह

76×76 फीट की विशाल रंगोली में साकार हुआ विकसित भारत का संकल्प

कौटिल्य का भारत



जौनपुर। वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय के मूल्यांकन केंद्र परिसर में सेवा संकल्प अभियान-2026 के अंतर्गत विद्यार्थियों ने 76×76 फीट की विशाल रंगोली बनाकर अपनी रचनात्मक प्रतिभा और राष्ट्रभक्ति का प्रदर्शन किया। 'सेवा के रंग, राष्ट्र के संग' थीम पर आधारित इस रंगोली में देश की विकास यात्रा, जनकल्याणकारी योजनाओं और राष्ट्रीय अभियानों को आकर्षक ढंग से प्रस्तुत किया गया। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. राकेश कुमार सिंह ने कहा कि विद्यार्थियों ने रंगों के माध्यम से भारत के विकास की जो तस्वीर प्रस्तुत की है, वह अत्यंत आकर्षक और प्रेरणादायी है। हम सभी को मिलकर विकसित भारत के निर्माण में अपना योगदान देना चाहिए। उन्होंने कहा कि पूर्वांचल विकसित भारत में अपना पूरा योगदान देगा। रंगोली के केंद्र बिंदु में रंगों से देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का चित्र विद्यार्थियों ने बनाया था। इसके साथ ही उज्ज्वला योजना, खेलो इंडिया,मेक इन इंडिया, स्वच्छ भारत मिशन, डिजिटल इंडिया, आयुष्मान भारत, नारी शक्ति–राष्ट्र शक्ति, हरित भारत–स्वस्थ भारत, प्रधानमंत्री आवास योजना, नवाचार से विकास, विकास से समृद्धि, मातृशक्ति–राष्ट्रशक्ति, एक भारत–श्रेष्ठ भारत तथा विश्वविद्यालय के लोगो को भी रंगोली में शामिल किया गया। इस रंगोली के माध्यम से विद्यार्थियों ने महिला सशक्तीकरण, स्वच्छता, स्वास्थ्य, खेल, डिजिटल तकनीक, आत्मनिर्भरता, पर्यावरण संरक्षण, ग्रामीण विकास और राष्ट्रीय एकता का संदेश दिया। अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रोफेसर प्रमोद कुमार यादव ने विद्यार्थियों द्वारा निर्मित रंगोली और उनकी रचनात्मकता की प्रशंसा की। कार्यक्रम संयोजक डॉ. अन्नू त्यागी एवं डॉ. कृष्णा सिंह ने सहयोग प्रदान किया। इस अवसर पर प्रो. मनोज मिश्र,प्रो. अजय प्रताप सिंह, प्रो. राजकुमार, प्रो. विनोद कुमार, डॉ. अनुराग मिश्र, डॉ. वनिता सिंह, डॉ. प्रियंका सिंह समेत विश्वविद्यालय के विभिन्न विभागों के शिक्षक, कर्मचारी एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।

रणतुर्य

अक्टूबर 2026

रणतूर्य
हिंदी दैनिक

2

विकसित भारत के निर्माण में सभी दें अपना योगदान : प्रो. राकेश कुमार सिंह

- **7676 फीट की विशाल रंगोली में साकार हुआ विकसित भारत का संकल्प**



रणतूर्य संवाददाता

जौनपुर वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय के मूल्यांकन केंद्र परिसर में सेवा संकल्प अभियान-2026 के अंतर्गत विद्यार्थियों ने 7676 फीट की विशाल रंगोली बनाकर अपनी रचनात्मक प्रतिभा और राष्ट्रभक्ति का प्रदर्शन किया। सेवा के रंग, राष्ट्र के संग थीम पर आधारित इस रंगोली में देश की विकास यात्रा, जनकल्याणकारी योजनाओं और राष्ट्रीय अभियानों को आकर्षक ढंग से प्रस्तुत किया गया।विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. राकेश कुमार सिंह ने कहा कि विद्यार्थियों ने रंगों के माध्यम से भारत के विकास की जो तस्वीर प्रस्तुत की है, वह अत्यंत आकर्षक और प्रेरणादायी है। हम सभी को मिलकर विकसित भारत के निर्माण में अपना योगदान देना चाहिए। उन्होंने कहा कि पूर्वांचल विकसित भारत में अपना पूरा योगदान देगा। रंगोली के केंद्र बिंदु में रंगों से देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का चित्र विद्यार्थियों ने बनाया था। इसके साथ ही उज्ज्वला योजना, खेलो इंडिया,मेक इन इंडिया, स्वच्छ भारत मिशन, डिजिटल इंडिया, आयुष्मान भारत, नारी शक्तिझराष्ट्र शक्ति, हरित भारत-स्वस्थ भारत, प्रधानमंत्री आवास योजना, नवाचार से विकास, विकास से समृद्धि, मातृशक्तिराष्ट्रशक्ति, एक भारतश्रेष्ठ भारत तथा विश्वविद्यालय के लोगो को भी रंगोली में शामिल किया गया।इस रंगोली के माध्यम से विद्यार्थियों ने महिला सशक्तीकरण, स्वच्छता, स्वास्थ्य, खेल, डिजिटल तकनीक, आत्मनिर्भरता, पर्यावरण संरक्षण, ग्रामीण विकास और राष्ट्रीय एकता का संदेश दिया।अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रोफेसर प्रमोद कुमार यादव ने विद्यार्थियों द्वारा निर्मित रंगोली और उनकी रचनात्मकता की प्रशंसा की। कार्यक्रम संयोजक डॉ. अन्नू त्यागी एवं डॉ. कृष्णा सिंह ने सहयोग प्रदान किया। इस अवसर पर प्रो. मनोज मिश्र,प्रो. अजय प्रताप सिंह, प्रो. राजकुमार, प्रो. विनोद कुमार, डॉ. अनुराग मिश्र, डॉ. वनिता सिंह, डॉ. प्रियंका सिंह समेत विश्वविद्यालय के विभिन्न विभागों के शिक्षक, कर्मचारी एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।

अमृत प्रभात



पूर्वांचल विवि में विशाल रंगोली के जरिए छात्र-छात्राओं ने लिया ह्यविकसित भारत का संकल्प

अमृत प्रभात, जौनपुर (नि.सं.)। वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय के मूल्यांकन केंद्र परिसर में 'सेवा संकल्प अभियान-2026' के तहत विद्यार्थियों ने ह्यसेवा के रंग, राष्ट्र के संगह्न थीम पर 7676 फीट की विशाल रंगोली बनाई। रंगोली के केंद्र में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का चित्र उकेरा गया तथा इसके माध्यम से उज्ज्वला योजना, डिजिटल इंडिया, स्वच्छ भारत मिशन, मेक इन इंडिया और नारी शक्ति जैसे राष्ट्रीय अभियानों को दशार्या गया। कुलपति प्रो. राकेश कुमार सिंह ने विद्यार्थियों की रचनात्मकता की सराहना करते हुए कहा कि हम सभी को मिलकर विकसित भारत के निर्माण में अपना योगदान देना चाहिए। इस अवसर पर अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रो. प्रमोद कुमार यादव, कार्यक्रम संयोजक डॉ. अन्नू त्यागी व डॉ. कृष्णा सिंह सहित कई शिक्षक, कर्मचारी और विद्यार्थी उपस्थित रहे।

उत्तर शक्ति

विकसित भारत के निर्माण में सभी दें अपना योगदान: प्रो. राकेश कुमार सिंह

7676 फीट की विशाल रंगोली में साकार हुआ विकसित भारत का संकल्प





'सेवा के रंग, राष्ट्र के संग' थीम पर रंगों से दिया राष्ट्र निर्माण का संदेश

जौनपुर (उत्तरशक्ति)। वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय के मूल्यांकन केंद्र परिसर में सेवा संकल्प अभियान-2026 के अंतर्गत विद्यार्थियों ने 7676 फीट की विशाल रंगोली बनाकर अपनी रचनात्मक प्रतिभा और राष्ट्रभक्ति का प्रदर्शन किया। 'सेवा के रंग, राष्ट्र के संग' थीम पर आधारित इस रंगोली में देश की विकास यात्रा, जनकल्याणकारी योजनाओं और राष्ट्रीय अभियानों को आकर्षक ढंग से प्रस्तुत किया गया।

विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. राकेश कुमार सिंह ने कहा कि विद्यार्थियों ने रंगों के माध्यम से भारत के विकास की जो तस्वीर प्रस्तुत की है, वह अत्यंत आकर्षक और प्रेरणादायी है। हम सभी को मिलकर विकसित भारत के निर्माण में अपना योगदान देना चाहिए। उन्होंने कहा कि पूर्वांचल विकसित भारत में अपना पूरा योगदान देगा।

रंगोली के केंद्र बिंदु में रंगों से देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का चित्र विद्यार्थियों ने बनाया था। इसके साथ ही उज्ज्वला योजना, खेलो इंडिया, मेक इन इंडिया, स्वच्छ भारत मिशन, डिजिटल इंडिया, आयुष्मान भारत, नारी शक्ति-राष्ट्र शक्ति, हरित भारत-स्वस्थ भारत, प्रधानमंत्री आवास योजना, नवाचार से विकास, विकास से समृद्धि, मातृशक्ति-राष्ट्रशक्ति, एक भारत-श्रेष्ठ भारत तथा विश्वविद्यालय के लोगो को भी रंगोली में शामिल किया गया।

इस रंगोली के माध्यम से विद्यार्थियों ने महिला सशक्तीकरण, स्वच्छता, स्वास्थ्य, खेल, डिजिटल तकनीक, आत्मनिर्भरता, पर्यावरण संरक्षण, ग्रामीण विकास और राष्ट्रीय एकता का संदेश दिया।

अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रोफेसर प्रमोद कुमार यादव ने विद्यार्थियों द्वारा निर्मित रंगोली और उनकी रचनात्मकता की प्रशंसा की। कार्यक्रम संयोजक डॉ. अन्नू त्यागी एवं डॉ. कृष्णा सिंह ने सहयोग प्रदान किया। इस अवसर पर प्रो. मनोज मिश्र,प्रो. अजय प्रताप सिंह, प्रो. राजकुमार, प्रो. विनोद कुमार, डॉ. अनुराग मिश्र, डॉ. वनिता सिंह, डॉ. प्रियंका सिंह समेत विश्वविद्यालय के विभिन्न विभागों के शिक्षक, कर्मचारी एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।